

# विप्र कला-वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय

जी. ई. रोड, रायपुर (छ.ग.)

## "विप्रारोह"

Monthly E-Bulletin August- September 2023

पंजीयन क्र. 17951

मासिक अंक अगस्त-सितम्बर २०२३


## 15 अगस्त समारोह





## कम्प्यूटर डिपार्टमेंट द्वारा पर्यावरण दिवस पर ग्रीन कैंपस का आयोजन




## NSS द्वारा हिंदी दिवस का कार्यक्रम

14 सितंबर 2023 राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत हिंदी दिवस के अवसर पर विप्र कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया गया।

**कविता पाठ:** विद्यार्थियों ने भारतीय साहित्य से चुनी गई कविताओं का पाठ किया और उनकी भावनाओं को अभिव्यक्त किया।

**वाक्य हिंदी का इतिहास:** इस गतिविधि में, विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के इतिहास को समझने का प्रयास किया और महत्वपूर्ण घटनाओं को साझा किया।

**पंक्तियां और स्लोगन:** विद्यार्थियों ने हिंदी में मुहावरे, कहावतें, और स्लोगन बनाए और प्रस्तुत किए।

**व्यंग:** इस गतिविधि में, विद्यार्थियों ने व्यंग (सामाजिक, करुण या हास्यरस) की रचना की और अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति अपनी साक्षरता और समर्पण का प्रदर्शन किया है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए प्रशंसा और श्रेष्ठा के लिए शुभकामनाएं देते हैं।







# बैडमिंटन प्रतियोगिता में उपविजेता विप्र कॉलेज

डिग्री गर्ल्स कॉलेज में आयोजित इंटर कॉलेज बैडमिंटन प्रतियोगिता में सत्र 2024 के लिए उपविजेता का खिताब जीतकर विभिन्न खेलों में विजयी सफर का आगाज किया। बधाई टीम विप्र कॉलेज






## शिक्षक दिवस समारोह



## शतरंज प्रतियोगिता



## NSS डे सेलिब्रेशन बच्चों द्वारा प्रध्यापक ग्यास अहमद और विद्यार्थीगण पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सभा में शामिल हुए








## कॉलेज काउंसिल




## NSS प्रोग्राम



## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सम्मान समारोह एवं स्वच्छता अभियान









# महिला समानता दिवस





# विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज महिला फुटबॉल प्रतियोगिता मैं गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज विजेता

रायपुर. 11 अक्टूबर .पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वाधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी अंतर महाविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर विजेता रही।

उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय आरंग, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज रायपुर एवं विप्र महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया। प्रथम मैच में डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने गवर्नमेंट कॉलेज आरंग को 1–0 से पराजित किया। इसके बाद डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने विप्र कॉलेज को तीन एक से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसके बाद समापन समारोह वरिष्ठ पीटीआई पी.टी. बघेल , संस्कृत कॉलेज के कीड़ा अधिकारी प्रमोद मेने ,असीम कादरी, डिग्री गर्ल्स कॉलेज के क्रीड़ाअधिकारी डॉ. कर्मिष्ठ संभरकर, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी सेवाराम साहू,साइंस कॉलेज के कीड़ा अधिकारी रामानंद यदु, छत्तीसगढ़ कॉलेज के क्रीड़ाअधिकारी रूपेंद्र चौहान की गरिमामय उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डिग्री गर्ल्स कॉलेज के नीलिमा घाघा को घोषित किया गया। प्रतियोगिता के बाद विश्वविद्यालय टीम के चयन के लिए ट्रायल में लगभग 25 महाविद्यालय के महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन सचिव डॉ कैलाश शर्मा के नेतृत्व में व राजेश तिवारी एवं ज्ञानेंद्र भाई के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।



**इंटर कॉलेज महिला फुटबॉलः डिग्री गर्ल्स कॉलेज ने जीता विप्र ट्रॉफी, विप्र कॉलेज बनी उपविजेता**

रायपुर, 12 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी अंतर महाविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर विजेता रही।जबकि विप्र कॉलेज उपविजेता बनी। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय आरंग, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज रायपुर एवं विप्र महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया। प्रथम मैच में डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने गवर्नमेंट कॉलेज आरंग को 1–0 से पराजित किया । इसके बाद डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने विप्र कॉलेज को तीन एक से पराजित विप्र ट्रॉफी जीत लिया।

समापन समारोह वरिष्ठ पीटीआई सी.एस. बघेल , संस्कृत कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी प्रमोद मेने ,असीम कादरी, डिग्री गर्ल्स कॉलेज के क्रीड़ाअधिकारी डॉ. कर्मिष्ठ संभरकर, सेवाराम साहू,साइंस कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी रामानंद यदु, छत्तीसगढ़ कॉलेज के रूपेंद्र चौहान की गरिमामय उपस्थिति में विजेता एवं उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी डिग्री गर्ल्स कॉलेज के नीलिमा घाघा को घोषित किया गया।प्रतियोगिता के बाद विश्वविद्यालय टीम के चयन के लिए ट्रायल में लगभग 25 महाविद्यालय के महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । डॉ कैलाश शर्मा ने राजेश तिवारी व ज्ञानेंद्र के सहयोग से प्रतियोगिता का संचालन किया।

# विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने लिया मतदान करने का संकल्प

रायपुर .13 सितंबर .छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों में मतदान हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के साथ–साथ लोकतंत्र की प्रक्रिया ,विशेषताएं से अवगत कराने के साथ आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से श्री राजेश गोयल ने सर्वप्रथम कार्यक्रम आयोजन के उपदेश पर प्रकाश डाला एवं मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया। इसके बाद श्री चुन्नीलाल शर्मा ने लोकतंत्र की विशेषताओं से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए बताया कि हम सबसे बड़े और महान लोकतंत्र के निवासी हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है। पर लोकतंत्र की सफलता आदर्श और जागरूक नागरिकों से ही संभव है ।इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को कुशल एवं योग्य नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही उन्होंने वोटर आईडी कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं युवाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया। इसके उपरांत डॉ. कामिनी बावनकर ने विद्यार्थियों को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया एवं मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने अपने प्रेषित संदेश में बताया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को लोकतंत्र की समस्त प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ स्वयं मतदान करने एवं अन्य नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक शर्मा ने किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक को सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।







# विप्र कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का हर्षोल्लास के साथ स्वागत

रायपुर .27 सितंबर .छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शा. शिक्षा महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि विप्र महाविद्यालय परिवार नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करता है। स्वागत समारोह का उद्देश्य आप सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी देना एवं उनका उपयोग करके अपने अध्ययन अध्यापन को उन्नत करने के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक ,साहित्यिक या अन्य गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास आप कर सकें। महाविद्यालय में उपलब्ध समस्त संसाधन एवं समस्त प्राध्यापक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में के लिए ही है। अतः विद्यार्थियों को समस्त अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। इसके उपरांत समस्त विभाग अध्यक्ष एवं प्राध्यापकों ने अपने विभाग में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय में स्थापित विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। खेलकूद के लिए उपलब्ध मैदान एवं सामग्रियों का लाभ उठाकर नियमित खेलने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। लाइब्रेरी का उपयोग कर विद्यार्थियों को पढ़ने एवं लिखने की क्षमता विकसित करने के उपाय बताए गए। साथ ही ई लाइब्रेरी का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया ।इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किया एवं डांस एवं सॉन्ग के माध्यम से अपने प्रतिभा का भी परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आराधना शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा ,मोहित श्रीवास्तव, डॉ. रंजना मिश्र एवं श्रीमती सुमन पांडे सहित समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



# विप्र कॉलेज में कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के फ्रेशर पार्टी में स्टूडेंट का धमाल

रायपुर. 4 अक्टूबर. छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्मेंट के सीनियर विद्यार्थियों ने अपने जूनियर के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। जिसमें सीनियर और जूनियर ने मिलकर डांस और सॉन्ग के साथ खूब धमाल किया। इसके पूर्व फ्रेशर पार्टी के उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विप्र महाविद्यालय परिवार नव प्रवेशित विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता है। सीनियर द्वारा आयोजित फ्रेशर पार्टी के माध्यम से जूनियर सभी विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त करें एवं अपने अध्ययन अध्यापन में उनका सहयोग ले। अपने सीनियर के अनुभव का लाभ उठाकर जूनियर अपने जीवन का निर्माण करें ,इस प्रकार के आयोजन का यही उपदेश होता है।

इसके बाद मंच पर जूनियर विद्यार्थियों का परिचय का दौर चालू हुआ। सीनियर विद्यार्थियों के डिमांड पर जूनियर डांस ,सॉन्ग और अन्य कलाओं के माध्यम से अपने प्रतिभा का परिचय दिए। विभिन्न प्रकार के रोचक गेम के माध्यम से जूनियर विद्यार्थियों के झिझक को दूर किया गया। इसके बाद जूनियर और सीनियर सभी विद्यार्थी मिलकर डीजे की धुन पर जमकर मस्ती और डांस करते नजर आए। अंत में लंच के बाद जूनियर विद्यार्थियों ने यादगार फ्रेशर पार्टी के लिए अपने सीनियर को धन्यवाद देते हुए विदा लिए ।इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. विवेक शर्मा, डॉ.आराधना शुक्ला, डॉ. सीमा अग्रवाल एवं निधि श्री शुक्ला सहित समस्त प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। फ्रेशर पार्टी में बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर बीकॉम प्रथम वर्ष से आलिया को मिस फ्रेशर एवं विक्रांत को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। बीबीए से कंचन मिस फ्रेशर और प्रीतम मिस्टर फ्रेशर रहे। एमकॉम के मिस फ्रेशर मुस्कान और मिस्टर फ्रेशर जसवंत को पुरस्कार से नवाजा गया।



# विप्र कॉलेज कंप्यूटर एंड साइंस डिपार्टमेंट के सीनियर ने जूनियर का किया स्वागत

रायपुर. 14 अक्टूबर. छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कंप्यूटर एंड साइंस डिपार्टमेंट के सीनियर ने फ्रेशर पार्टी में अपने जूनियर का उत्साह के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय कंप्यूटर, टेक्नोलॉजी, डाटा और कम्युनिकेशन का है। आप इस क्षेत्र में जितना अधिक महारत हासिल करेंगे, जीवन में उतने ही सफल होंगे। तकनीकी शिक्षा में आधा अधूरा ज्ञान काम नहीं आता। 100: नॉलेज की आवश्यकता होती है ,इसलिए प्रारंभ से आपका प्रयास इसी दिशा में होना चाहिए। इसके लिए सीनियर अपने जूनियर का हेल्प करें, तो इस प्रकार का आयोजन सार्थक होगा।

इसके बाद सीनियर विद्यार्थियों ने एक–एक करके अपना परिचय दिया और जूनियर के डिमांड पर सॉन्ग, डांस द्वारा उनका मनोरंजन किया। जूनियर विद्यार्थियों का इस प्रकार झिझक दूर करके फिर उनसे परिचय प्राप्त किया और उन्हें भी सॉन्ग, डांस या अन्य कला के माध्यम से अपना प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया। इसके बाद डीजे की धुन पर सीनियर और जूनियर सभी विद्यार्थी झूमते रहे। अंत में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेकर इस यादगार पार्टी के लिए जूनियर ने अपने सीनियर को धन्यवाद देते हुए विदाई लिया। प्रस्तुति के आधार पर सीनियर विद्यार्थियों ने अपने जूनियर विद्यार्थियों में से पीजीडीसीए के करिश्मा भारती एवं आकाश शर्मा व बीसीए. के पलक तिवारी एवं अनिकेत शर्मा एवं बीएससी के खुशबू एवं मयंक ठाकुर का चयन क्रमशः मिस फ्रेशर एवं मिस्टर फ्रेशर के रूप में कर कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव,कंचन मिश्र दीपशिखा शर्मा, अहमद, धनराज साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।



# महाविद्यालय की गतिविधियाँ बनी दैनिक अखबारों की सुर्खियाँ



## विप्र कालेज में किया पौधारोपण

महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपते कालेज के छात्र व उपस्थित शिक्षक। ● कालेज

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में ग्रीन कैंपस के अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्रों और अध्यापकों ने मिलकर पौधे रोपे। इसके साथ ही प्राध्यापकों ने छात्रों को बौधे लगाने का महत्व बताया।



अंतर महाविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता

## पुरुष वर्ग में प्रगति कॉलेज विजेता, फाइनल में विप्र कॉलेज को दी मात

रायपुर @ पत्रिका. सेक्टर स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुष वर्ग में मेजबान प्रगति कॉलेज विजेता ट्रॉफी जीतने में सफल रही। प्रगति कॉलेज की मेजबानी में आयोजित की गई इस स्पर्धा के पुरुष फाइनल में प्रगति कॉलेज ने विप्र कॉलेज को 3-0 को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले पुरुष सेमीफाइनल में विप्र कॉलेज ने विवेकानंद महाविद्यालय को 3-0 से और प्रगति कॉलेज ने नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर को 3-0 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई थी।

इस स्पर्धा के आधार पर रायपुर सेक्टर की महिला-पुरुष बैडमिंटन टीमों का चयन किया गया, जो राज्य स्पर्धा में हिस्सा लेगी। इस स्पर्धा के दौरान रायपुर सेक्टर के विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ाधिकारी उपस्थित रहे।

**महिला वर्ग में दू.ब. महिला महाविद्यालय जीती:** महिला वर्ग में शा. दू.ब. महिला महाविद्यालय ने जीत हासिलकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। महिला फाइनल में शा. दू.ब. महिला महाविद्यालय ने मेजबान प्रगति कॉलेज को 2-0 से हरा दिया। इससे पहले पहले सेमीफाइनल में प्रगति कॉलेज ने नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर को 2-0 से और दूसरे सेमीफाइनल में शा. दू.ब. महिला महाविद्यालय ने विवेकानंद कॉलेज को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

**'B' GRADE ACCREDITED BY NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDIATION COUNCIL (NAAC) (10TH DEC' 2014 TO 09TH DEC' 2019)**

**Recognised by Higher Education, UGC and NCTE and Permanently Afiliated to Pt. Ravishankar Shukla, Raipur (C.G.)**

✿ COMMERCE ✿ MANAGEMENT ✿ SCIENCE ✿ COMPUTER ✿ EDUCATION ✿ PHYSICAL EDUCATION ✿ YOGA

E-mail : vipracollge1996@gmail.com, Visit us : www.vipracollege.org

संपादक मण्डल :- डॉ. विवेक कुमार शर्मा, श्रीमती प्रणिता शर्मा, डॉ. कंचन मिश्रा, श्रीमती अपूर्वा शर्मा

विशेष सहयोग : एलुमनी एसोसिएशन, विप्र महाविद्यालय रायपुर